घर में जहर और अमृत दोनों रखता है और दोनों की परवाह एक ही तरीके से करता है। जब एक ओर देखता है तो अमृत रक्खा मालूम होता है और जब दूसरी ओर देखता है तो जहर। मगर डाक्टर की क्या हालत होती है? जब वह जहर की ओर देखता है और जब वह अमृत की ओर देखता है तोभी उसकी निगाह में कोई फर्क नहीं आता।

कैसी अच्छी बात है कि अगर ज़मीन अपनी A is(कीली)पर न Rotate (घूमती)करतीं तो दुनिया की आबादी आधी रह गई होती। एक ओर दिन होता और दूसरी ओर रात इसलिए यह चीज़ Nature ने लाज़िमी समझी की Rotation (घूमना)जरुर रहे ताकि ईश्वर का मुल्क (जगत)आबाद व पुर बहार रहे। इसी तरह अब धार्मिक चीज़ को लेकर चलता हूं तो इस बात का पता चलता है कि लोगों की खुशी और आराम के एहसास करने के लिए ईश्वर ने यह चीज़ भी लाज़िमी रक्खीहै। इसलिए कि हमारी निगाह दोनों ओर जाती रहे और एक दूसरे से हमारे ख्याल में फर्क और तफावुत बना रहे ताकि हम compare (तुलना) करने पर आराम और आशायश को पहिचान सकें। तो यह तो भाई कुदरत का इन्तज़ाम है और इसकी जरुरत भी है जैसा कि मैने ऊपर लिखा है।

हमारी समझ में जब यह चीज़ आ जाती है तो मुसीबत की बेक़रारी इतनी नहीं रहती। फिर भी अगर मुसीबत हमको इतनी नागबार है तो हमको चाहिए कि हम अपना मुंह उसकी दूसरी side की तरफ फेर दे और यह side कौन सी हो सकती है जो चमकदार और अच्छी हो।

अब चमकदार और अच्छी कौन सी चीज है जो चमक की तरफ ले जावें। अब चमक कहाँ है उसी जगह जहाँ अंधेरा कभी नहीं होता। और यह चीज़ क्या है? इसको लोगों ने (संतो ने)ब्रह्मगति कहा है। और मुसीबत से छुटकारे के लिए सबसे अच्छा नुस्खा यही है कि हम अपना रुख उस ओर फेर दें।
अगर मुसीबतजदा इन्सान को उस तरफ रुख फेरने की समझ नहीं आती तो दूसरों को चाहिए और यह इन्सानी फर्ज़ भी है–कि किसी तरीके से उसका रुख उस चमकदार पहलू की तरफ फिरवा दें। यह हमारा कर्तव्य (Duty) है और इसी से मुसीबत जदा को छुटकारा मिल सकता है। मैं चाहता हूं कि इसमें कुछ भक्ति के छींटे का भी जिक्र कर दूं जो इस असल मजमून से अलहदा जरुर मालूम होगा मगर एक बात मजमून से ज्यादा ही सही। एक कहावत है कि====

"एक बार नारद जी विष्णु भगवान से मिलने जा रहे थे। रास्ते में एक लंगड़ा फकीर मिला उसे जब मालूम हुआ कि नारद जी विष्णु भगवान से मिलने जा रहे हैं तो नारद से उसने कहा कि विष्णु भगवान से कह देना कि 'उसे' उस

लंगड़े की भी याद है। जब विष्णु भगवान को नारद ने लंगड़े का पैगाम दिया तो 'उन्होंने' कहा कि बकता है। नारद ने पूछा कि क्या बात है। विष्णु भगवान ने कहा कि वह चाहता है कि कुल दुनिया की मुसीबत उसी को दे दी जावें।"

धार्मिक ग्रन्थों में बहुत सी बातें इस किस्म की मिलती हैं कि मुसीबत को फकीरों ने बहुत महत्ता (preference) प्रदान की है।

इस प्रकार मुसीबत से भी छुटकारा मिल गया और यदि 'याद' की याद अभी भी है तब फिर अपने स्तर से ऊपर उठने का एक ही तरीका शेष रह जाता है और वह है अभ्यास। दूसरे शब्दों में ईर्ष्या एवं क्रोध ही क्या वरन् सभी प्रकार की असामान्य स्थितियों से जो मनुष्य को Balance स्थिति (प्राप्त) प्रदान करने में बाधक हैं) छुटकारा पाना है तो सर्वोत्कृष्ट मार्ग अभ्यास ही है जिसको 'सहज-मार्ग' साधना के अन्तर्गत बतलाया गया है और जिसके लिए proper Guidence लाजमी है और अभ्यासी के लिए Devotional Attitude फर्ज़ (Duty) है। **अपने से उठने के माने यह है कि यह सब चीजें दूर जावें और उसकी तरकीब यही है कि अपनी Duty (कर्तव्य) को निगाह में रखते हुए अपने में Absorb होता चले तथा ईश्वर की मौज के ताबे रहता चले। मैं ईश्वर की राजी व रज़ा रहना ही अच्छा समझता हूँ।**

## अब की उबारो गुरू जी अब की उबारो

**कदम कदम पे माया ठगिनी रूप है निखारो।**
**परदा वा ने मोरे ऊपर डारि दीन डारो।**
**अन्धकार से गुरू जी मो अबकी निकारो ॥**
**अब की··· ··· ··· ··· ··· ··· ··· ··· ··· ··· ······**
**मंजिल मंजिल मंजिल चलिके पैबो जब किनारो।**
**डरिबै एक झुपरिया है जंह भूमा को पसारो ॥**
**हुई है···तहैं मिलनवाँ निश दिन हमरो तुम्हारो**
**अबकी ··· ··· ··· ··· ··· ··· ··· ··· ··· ·········**
**वैसे गुरू मिलै सब ही को जैसो गुरु हमारो ॥**
**"सहज मार्ग" भारत है दीन्हों "हरिश" एक को न्यारो**
**खोलि दीन है वासे तूने ब्रह्म को द्वारो**
**अब की··· ··· ··· ··· ··· ··· ··· ··· ··· ··· ··· ···॥**

**हरिशचन्द्र श्रीवास्तव, शाहाबादी**

"ॐ श्री गुरुवे नमः"

# 'भारतीय दर्शन के इतिहास में सहज मार्ग का योग'

( लेखक-पी० एस० शर्मा, लेक्चरर दर्शन शास्त्र लखीमपुर-खीरी )

**पाठकों से निवेदन, प्रस्तुत लेख में प्रयुक्त '—' (single inverted commas) के शब्दों को ध्यान से पढ़ने की कृपा करें कारण कि उन शब्दों द्वारा अन्य ओर भी संकेत है। जैसे—'विवेक' से बुद्धि के साथ ही स्वामी विवेकानन्द, 'तीर्थ' से तीर्थ के साथ ही स्वामी रामतीर्थ की ओर भी संकेत है। इसी प्रकार 'चन्द्र' शब्द को श्रद्धेय बाबू जी के लिये प्रयुक्त किया गया है। आशा है पाठक ध्यान देकर समुचित रसास्वादन करेंगे।**

—सम्पादक

परिचय—श्रद्धेय श्री रामचन्द्र जी महराज ( शाहजहाँपुर ) ने समर्थगुरु श्री रामचन्द्र जी महराज ( फतेहगढ ) से ज्योति स्वरूप ज्ञान को प्राप्तकर श्री रामचन्द्र मिशन के अन्तर्गत जिस 'सहज मार्ग' का निर्देशन किया है वह भारतीय दर्शन के साधना पक्ष को एक अनुपम देन है। आपकी साधना प्रणाली में सिद्धान्त व व्यवहार का एक अनूठा समन्वय है। ऐतिहासिक दृष्टिकोण से प्राचीन काल, मध्यकाल व आधुनिक काल को ध्यान में रखते हुये विवेचन करने पर ज्ञात होता है कि आपकी विचार धारा व साधना पद्धति को शीर्ष स्थान प्रदान करने योग्य है। आपने वर्तमान समय की पुकार को सुना और सामान्य व्यक्ति की कठिनाइयों को समझकर अपनी सहज साधना द्वारा एक सफल प्रयास किया है। आपने चिर विस्मृत राजयोग की व्याख्या करके निशा के अन्धकार में विक्षिप्त सत्य को अपनी सूर्यवत् तेजवान प्रतिभा के प्रकाश से मानव को ऐसे दस सरल नियमों को पालन करने का आदेश दिया है कि जिन्हें जानकर, पालन करने की इच्छामात्र से ही मानव को अपने में एक ऐसा परिवर्तन अनुभव होने लगता है कि समस्त भ्रम शनैः शनैः स्वतः विलुप्त हो जाते हैं।
आओ, हम सब भी उनके गुरु संदेश को समझकर श्रद्धेय बाबू जी (श्री रामचन्द्र जी महराज, शाहजहाँपुर) के साथ अनन्त की ओर चलें।

**भारतीय दर्शन विचार धारा में ह्रास और पुनर्जागृति—**

चार वेदों के चार भागों—संहिता ब्राह्मण, आरण्यक और उपनिषद—में निहित दर्शन को पुराण, स्मृति, रामायण, महाभारत आदि ग्रन्थों में वर्णित किया

गया। तदुपरान्त समयानुसार विचारों का चयन कर ग्रथन¹सूत्रों में किया गया। ये सूत्र इतने प्रचलित हुये कि सभी सम्प्रदायों ने अपना अपना सूत्रग्रन्थ बना लिया जैसे मीमाँसा सूत्र, वेदान्तसूत्र, भक्तिसूत्र' सांख्यसूत्र, योगसूत्र, न्यायसूत्र, वैशेषिक-सूत्र आदि। शनैः शनैः इन सूत्रों पर आलोचना समालोचना, टीका टिप्पणी और व्याख्यायें होने लगीं। अपने सम्प्रदाय की विचार धारा की पुष्टि हेतु अनेक वाद-परिवाद होने लगे जिसके कारण वास्तविकता से अनुराग के स्थान पर वाक्चातुर्य और पाण्डित्य प्रदर्शन को ही उद्देश्य मान लिया गया। फिर क्या था भाष्य, उपभाष्य और अनुभाष्य² का आविर्भाव हुआ। इन भाष्य का कुछ ऐसा जाल फैला कि परमपुरुषार्थ को मानव भूल गया। फल यह हुआ कि आत्मशक्ति को लेखनी शक्ति ने विस्मृत करा दिया पर आधुनिक काल में पदार्पण करके दर्शन ने एक करवट ली और भारतीय दर्शन में एक नव जागृति की लहर उठी जिसने अन्धविश्वास की पारस्परिक शृंखला को तोड़ रूढ़िता और बाह्याडम्बर की कटु आलोचना की। आधुनिक काल के अनेक चिन्तकों जैसे—राजा राम मोहन राय, अरविन्द, रवीन्द्रनाथ ठाकुर, स्वामी रामतीर्थ, दयानन्द सरस्वती, केशवचन्द्र सेन, महर्षि रमण आदि ने एक सफल प्रयास किया। वर्तमान समय में बाबू जी ने साधना क्षेत्र में एक चमत्कारपूर्ण सफलता प्राप्त की है। आपके द्वारा बताये गये उसी सहज मार्ग की सहजता का वर्णन ऐतिहासिक प्रसङ्ग में यहाँ प्रस्तुत किया जायगा।

**प्राचीन और आधुनिक भारत—**

उदयाचल से अस्ताचल तक, दक्षिणी ध्रुव से उत्तरी ध्रुव तक इस वसुन्धरा का सौन्दर्य अप्रतिम है पर भारत का गौरव सबसे महान और पावन है क्योंकि

---

१. "वेदान्त कुसमग्रथनार्थत्वात्सूत्राणाम्"
(शङ्कराचार्य—शारीरक भाष्य १.१.२)

२. उदाहरणार्थ—ब्रह्मसूत्र पर शङ्कराचार्य का "शारीरक भाष्य"
"शारीरक भाष्य" पर वाचस्पति मिश्र का भाष्य
"भामती" "भामती" पर श्रीमदमलानन्द का भाष्य "कल्पतरु" और 'कल्पतरु' पर अप्पयदीक्षित का भाष्य "कल्पतरु परिमल" और भी
"शारीरक भाष्य" पर गोविन्दानन्द का भाष्य रत्न प्रभा और "रत्नप्रभा" पर "पूर्णानन्दीया भाष्य"।

इस प्रकार त्रिपिटक, मीमांसा सूत्र, योगसूत्र, संख्यसूत्र आदि पर भाष्य हुये है।



भारत भूखण्ड को भुवन भास्कर भानु अपनी रश्मि से स्पर्शकर सर्वप्रथम जागरण का संदेश देता है। न केवल इतना ही अपनी भौगोलिक, साँस्कृतिक, ऐतिहासिक व आध्यात्मिक विशिष्टता के कारण आज भी विश्व में सम्मान व श्रद्धा का पात्र है। यहां के प्रत्येक प्राणी के गौरवान्वित मानस में एक ध्वनि निरन्तर प्रध्वनित होती रहती है—

"जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी"

इस भारत भूभाग पर ऐसे 'नरेन्द्रों' ने जन्म लिया, जिनके 'विवेक' में 'राम कृष्ण' का गौरव था, ऐसे 'कर्मवीर' आये, जिनमें गीता के समस्त संदेशों का 'अर्जन' हुआ। सिद्धार्थ का बोध तथा केवल ज्ञान सम्पन्न सर्वजित् 'महावीरों' को कौन भूल सकता है? 'न्याय' से युक्त प्रत्येक कण कण की 'वैशेषिकता' से भारतीय दर्शन की पयस्विनरी अजस्र 'कपिल' धारा का 'योग' है उसे कौन भुला सकता है। 'शङ्कर' का 'अद्वितीय' स्वरूप तथा 'राम' का विशिष्ट आनन्द से संयुक्त स्वरूप हमारे समक्ष एक ऐसा चित्र प्रस्तुत करते हैं कि मानव बुद्धि उस पर दृष्टिपात कर श्रद्धा से नत मस्तक हो जाती है, आत्मविभोर हो उठती है।

यही कारण है कि उस चरम परम अनन्त सत्य के प्रति अनुराग भावना का धारण करने वाले पृथ्वी पर सहस्र हैं परन्तु वास्तविक रूप से न केवल दर्शन वरन् साक्षात्कार का सौभाग्य जितना सुलभ, सहज व स्वाभाविक भारतीयों को रहा है उतना अन्यत्र दुर्लभ है। यहाँ की मृत्तिका में कृष्ण व राम ने क्रीड़ा की है और यहां के ऋषियों ने जल, पवन, मेघ आदि में ईश्वर के विविध स्वरूपों का दर्शन किया है। हिम मुकुट से सुशोभित तथा सागरों से आवेष्टित भारत भूमि गंगा के पावन जल से सिक्त हो महान् हो गई है।

मनीषियों ने समय परिस्थितियों के अनुकूल मानव को अनेक मार्ग दिखलाये हैं और वर्तमान समय तक आते-आते भारतीय दर्शन के अनेक आकार-प्रकार हो गये। आधुनिक काल में उचित पथ प्रदर्शक गुरू के न होने के कारण अध्यात्म उन्मुख मानस भौतिकता के चक्र में भ्रमित हो पथ भ्रष्ट हो गया। सौभाग्य है कि भारत में ऐसी दैवी शक्ति सम्पन्न आत्माओं का आविर्भाव होता रहा है जिन्होंने साधुओं का परित्राण तथा दुष्कर्मियों का विनाश कर धर्म की स्थापना हेतु युग-युग में जन्म लिया है। आधुनिक काल में भी ऐसे महापुरुषों का आविर्भाव हुआ है जिन्होंने भारतीय दर्शन में नवजागृति लाकर भारत भाल को हिमाद्रि सा उन्नत बना दिया है। आदरणीय बाबू उन्हीं विभूतियों में से एक महान् साधक है।

**सहज मार्ग—**

'कृष्ण' के 'विवेक' चक्र ने मानव मानस में प्रजनित समस्त वैमनस्य भावनाओं का विनाश बन्धुत्व का मार्ग प्रदर्शित किया, 'गुरुओं' ने 'ग्रन्थ' दिया; 'मोहन' ने सत्य को पहचान ब्रह्म की स्थापना कर एक नये ही योग मार्ग का दर्शन कराया और 'तीर्थ' के पावन सलिल से सिक्त हो मानव तृप्त होगया, पर फिर अनन्त सत्य के साक्षात्कार हेतु वन में भटकता ही रहा। पर इसी वर्तमान में ही ऐसे नयनाभिराम 'चन्द्र' का उदय हुआ जिसने अपनी 'सहज' रश्मि द्वारा मानव सागर में केन्द्रित गुप्त चेतना को जागृत कर एक नवस्फूर्ति भरने का प्रयास किया है। इस 'चन्द्र' ने कर्म, ज्ञान, व भक्ति के राज का उद्घाटन कर मानव जाति के हेतु एक ऐसे 'सहजमार्ग' का निर्देशन किया है जिसका अनुगमन करने पर प्राणी की हृदय वेदिका में प्रथम बार ही में निहत समस्त विकारों का भान हो स्वतः परिष्कार हो जाता है और इस हेतु मानव को कोई भी प्रयास नहीं करना पड़ता है। इस तरह इस 'चन्द्र' में क्षमता है जिसने 'शङ्कर' के 'अद्वितीय' शिव को शान्त किया और राम के विशिष्ट स्वरूप में एक ऐसी अलौकि भावना भर दी है जिसमें बुद्ध का सहज भाव, वैष्णविक सहजनान्द की प्रवृत्ति तथा कबीर आदि संतों की सहज साधना के गुणोंको एक अनूठा रूप प्राप्त हो गया है। आपने आचमन कर दर्शन सागर में वह 'अञ्जलि' डाली जो राजयोगी राजा जनक की परिचायक है। आपकी सहज मार्ग की साधना सरल व स्वाभाविक है एवं साधक प्रत्येक सामान्य प्राणी है जिसके मानस में सत्य से अनुराग भावना की दृढ़ निष्ठा हो।

शंकराचार्य ने महर्षि बादरायण द्वारा रचित "ब्रह्मसूत्र" के "शारीरक-भाष्य" में ब्रह्मज्ञान के जिज्ञासु के लिये चार गुणों[३] का होना आवश्यक बतलाया है

१—**नित्यानित्यवस्तु विवेक**—ब्रह्म जिज्ञासु को नित्य ब्रह्म में और अनित्य सांसारिक वस्तुओं के समुचित भेद का ज्ञान हो।

२—**इहामुत्रार्थफलभोग विरागः**—जिज्ञासु में अपने द्वारा किये गये कर्म के लौकिक और पारलौकिक दोनों ही प्रकार के फलों के भोग की इच्छा से वैराग्य हो

[३] "उच्यते—नित्यानित्यवस्तुविवेक, इहामुत्रार्थफलभोग विरागः, शमदयादिसाधन सपत्, मुमुक्षुत्व च। तेषु हि सत्सु……शक्यते ब्रह्म जिज्ञासि तु ज्ञातु च न विपर्यये।" (शारीरक भाष्य १.१.१)



३. **शमदमादिसाधन संपत**—जिज्ञासु शम, दम, उपरति, तितिक्षा, समाधान और श्रद्धा[४] इन ६ गुणों से सम्पन्न हो।

४. **मुमुक्षुत्व**—उपरोक्त तीन गुणों के साथ ही साथ जिज्ञासु में मोक्ष के लिए इच्छा की भावना भी होना चाहिये।

इन साधन चतुष्टय से सम्पन्न जिज्ञासु को ब्रह्म ज्ञान में प्रवृत्त होना चाहिये। पर श्रद्धेय बाबू जी ने बतलाया है कि सत्य (Reality) से अनुराग की दृढ़ निष्ठा (intense longtry) हो तो सफलता शीघ्र मिलती है तथा शङ्कर द्वारा बताये साधन चतुपटय की कोई आवश्यकता नहीं। आपका अटूट विश्वास है कि मानस में दृढ़ निष्ठा हो योग्य गुरु साथ हो तो समस्त गुण स्वतः ही गुरु कृपा से प्राप्त हो जाते हैं। आपकी क्षमता इतनी महान है कि साधक के मानस में ऐसी ज्योति जगा देती है कि जो मनुष्य को मोक्ष से भी आगे दूर बहुत दूर ले जाती है। आपका लक्ष्य मोक्ष ही नहीं वरन् उससे भी आगे है। जहां सत्य (Reality) में आत्मा अपने को लय कर देती है। अतः आपके अनुसार सत्य के दृढ़ अनुराग होना ही एक साधक के लिये पर्याप्त है।

आपके द्वारा निर्देशित मार्ग भी बड़ा सरल व स्वाभाविक है। उस पर कोई ऐसी क्रिया नहीं करनी पड़ती जो मानव को व्यवहारिक जीवन में कठिनाई पैदा करे। पतञ्जलि के योग दर्शन के सूत्र में अष्टांङ्गिक मार्ग[५] का निर्देश किया है। आपने अपनी साधना प्रणाली को ध्यान से प्रारम्भ किया है और बतलाया है कि इसके पूर्व की दशाओं में मेहनत व समय व्यर्थ ही जाता है। आपका कथन है कि यमादि की दशाओं का अनुसरण न भी न किया जाय तब भी कोई अन्तर नहीं पड़ता है। जीवन सीमित है उसमें यह सब सम्भव नहीं है। आपका विश्वास है कि वे सारे गुण स्वतः ही मनुष्य शनैः शनैः प्रादुर्भूत होने लग जाते है, यदि गुरु की कृपा साधक पर बनी रहती है। आपकी सबसे बड़ी विशेषता है आपकी प्रतिभा सम्पन्न प्राणाहुति की विधि जो प्राणी को निरन्तर शक्ति प्रदान करती रहती है। यह वह विधि है जिसके द्वारा गुरु साधक के मानस में अपनी मनस् शक्ति द्वारा निरन्तर शक्ति भरता रहता है और विकारों का परिष्कार होता रहता है।

४—इन षट्साधन संपत के लिये देखिये सदानन्दकृत 'वेदान्त सार' और उस पर 'भावबोधिनी' व्याख्या।

५—यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानसमाधयोऽष्टाङ्गानि। (योगसूत्र २/२९)

श्रद्धेय बाबू जी ने अपनी सहज साधना द्वारा भारतीय दर्शन का एक ऐसा चिर विस्मृत पृष्ठ खोल कर मानव के समक्ष रक्खा है जिसकी बुनियाद राज योग है। इसमें कर्मज्ञान और भक्ति की समस्त कठिनाइयों का परिष्कार होगया है। आज के मानव ने आध्यात्मिक विषयों के विभिन्न प्रत्ययों के बारे में सुन रक्खा है पर उनके प्रति सदैव एक संदेह बना रहता है कि क्या यह सभी कुछ सम्भव है ? बाबू जी ने अपनी साधना कुछ इस प्रकार से बनाई है कि आपके प्रथम दर्शन ही आपकी अलौकिक प्रतिभा का मानव पर प्रभाव पड़ता है और प्रथम ही बार साधना (Sitting) करने पर चरम सत्ता और परमानन्द का, जिसके विषय में उसने सुन रक्खा है, दर्शन क्या प्रत्यक्ष अनुभव होने लगता है। तदुपरांत कभी कभी साधना ( Sitting ) करने के बाद ऐसा अनुभव होता है कि उसका वर्णन करने में वाणी अपने को पूर्णतः असमर्थ पाती है। सहजमार्ग पर इस प्रकार चलते हुये साधक पर गुरु की क्षत्र छाया सदैव वर्तमान रहती है और उसे पता तक नहीं लग पाता कि कठिनाइयाँ कब आई और कब दूर हुई ? आओ आपकी आवाज सुने और आपके द्वारा 'दुहले आवाज' दिये गये 'खुले निमन्त्रण' को स्वीकार करे आपका आदेश है जो कभी कृष्ण ने गीता में दिया है।

सर्वधर्मान्परित्यज्य मामकं शरणं व्रज ।
अहं त्वां सर्वपापेभ्यो मोक्षयिस्यामि मा शुचः ॥
( श्रीमद्भागवतगीता १८/६६ )

अर्थात्—"सारे धर्मों को छोड़कर मेरी अकेली शरण को आओ। मैं तुमको सारे पापों से मुक्ति दिलाऊंगा मत शोक करो।"

## समर्थ सद्गुरु 'श्री लालाजी सा०' के उदार चरणारविंदों

ओ पितृ-महे तव कीर्ति-कला नूतन उजियारी ।
रवि किरणों संग थिरके -अवनी अम्बर में सारी ॥
तव पावन कंचन-सुयश पवन धरणी से लेकर ।
बरषे सत् सहज-मार्ग धारा प्राणाहुति बनकर ॥
आया कलियुग है घोर कहा करते थे सब से ।
होगा क्या? किन्तु विचार न पाते थे विनिमय से ॥
जन पछताते थे अवतारिक-युग के स्मरण से ।
हम हाय गये थे कहाँ रहे भ्रम-भूलि भँवर से ॥
है वही सृष्टि जो दिव्य हुई तव दिव्यागम से ।
जन-जन में है सौजन्य-भाव भ्राता, भगिनी से ॥
सुँदर रतनारे नेत्र कंज-मंजुल मृदु-मुख से ।
ओ ब्रह्म-लोक रत्नाकर के तुम महा-रतन से ॥
नित रहे कमल-कर वरद् सदा ही जगत्-हिता से ।
हे महीपते महिमा अपार तव धवल-शरद से ॥
ओ पूर्ण कला के कलाकार तव अमर-कृति को ।
बरनै शारद किमि युग-परिवर्धक पूर्ण-व्रती को ॥
है हुआ अगर अस्तित्व पूर्ण कण में जिनके ।
वे परम-बिन्दु के चरम मीमान्सक वरद्-करों से ॥
ओ प्रेम त्याग की मूर्त्ति समाहित सम समता से ।
जीवन की यह लौकिक-झाँकी आँकी जप तप से ॥
था मूल-ब्रह्म पर तविशा गति उन्नति थी उससे ।
उन्नत-ललाट पर सहज-संदेशा मंथर गति से ॥
व्यवहार यथोचित करो किन्तु समझो सब अपने ।
कर्तव्य सुदृढ़ गति मौन सदा ही रत ईश्वर से ॥
हे योगेश्वर-योगेश दृष्टि जाती थी जिस पर ।
पाता था सहज-स्वरूप मुग्ध सुध बुध सब खोकर ॥
सुनि कीर्त्ति-कला न्यारी निर्मित आतम के गति की ।
चल पड़ी बाल यह द्वार तिहारे सहज-मती की ॥
न्यौछावर तात् गात् प्राणों की मंथर-गति से ।
स्वीकार करो है आज लगी बाजी निज प्रभु से ॥

सन्ध्या

# साधना

कु० केसर चतुर्वेदी,

साधना का शाब्दिक अर्थ है तपस्या, किसी उद्देश्य या लक्ष्य की प्राप्ति के लिए किया गया अटूट श्रम । इस अटूट श्रम में ही प्रत्येक कार्य की सफलता का रहस्य निहित है । साधना ही वह सोपान है जिस पर आरुढ़ हो कर व्यक्ति परम लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है अथवा अपने गन्तव्य तक जा सकता है । इसमें तप कर ही मानव सच्चे मानव की संज्ञा धारण करता है । साधना रहित प्राणी जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में असफलता के थपेड़े खा कर निष्क्रिय तथा निराश हो जाता है अतः जीवन को आशा के उज्ज्वलतम प्रकाश से आलोकित करने के लिए तथा जीवन धारण करने के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक मानव के लिए साधना अनिवार्य है ।

'साधना' शब्द का विग्रह करने पर 'शाध' और 'ना' दो शब्दों की प्राप्ति होती है । 'साध' का अर्थ है तीव्र इच्छा अतः भौतिक पदार्थों की प्राप्ति को तीव्र इच्छा का न होना ही वस्तुतः साधना है । जब कोई भी इच्छा अपने तीव्रतम रुप में न रह जाये, सभी इच्छाये अपनी साम्यदशा या प्रकृत रूप में आ जाय तभी साधना का वास्तविक अर्थ समझ में आ पाता है ।

साधना की आवश्यकता के विषय में कुछ कहना सूर्य को दीपक दिखलाना है । कौन ऐसा अज्ञ है जो साधना की आवश्यकता न जानता हो । नवजात शिशु से ले कर वृद्ध मानव तक सभी साधना रत हैं अतः साधना की अनिवार्यता का अंकन सरल नहीं है । इतना अवश्य है कि प्रत्येक स्तर पर लक्ष्य भिन्न होने के कारण साधना की गहराई कम व अधिक हो सकती है परन्तु वह बिल्कुल समाप्त हो जाये संभव नहीं है । प्रत्येक क्षण यह बतलाता रहता है कि 'अपना कार्य मन लगा कर करो । परिश्रम से कार्य करो ।' यह सभी साधना के विविध स्तर हैं ।

अध्यात्मिक क्षेत्र में साधना ही वह शक्ति है जिसके द्वारा साधक उस ईश्वर की प्राप्ति संभव कर लेता है जो रहस्यमय, अव्यक्त, अनिर्वचनीय आदि विशेषणों से अलंकृत है । जो नहीं जाना जा सकता, जो नहीं समझा जा सकता, जो निर्गुण व निराकार है उस परम शक्ति का अनुभव एवं साक्षात्कार साधना द्वारा ही संभव है । इस क्षेत्र में साधना का अंचल थामे बिना प्राणी अग्रसर हो ही नहीं सकता । प्राणी की समुन्नति तथा उसकी पहुँच का एकमात्र मापदण्ड उसकी साधना ही है । यदि वह यह अनुभव करता है कि वह धीरे २ ईश्वर के सन्निकट होता जा रहा है तो उसकी



साधना सच्ची है और यदि परिश्रम करने पर भी उसे मनोवाँछित सफलता नहीं मिल रही है तो उसकी साधना में कुछ कमी है। इसी लक्ष्य को दृष्टिपथ में रख कर साधक ईश्वर-प्राप्ति की चेष्टा करता है ।

साधना विस्तृत वस्तु है । वह धैर्य, सहनशीलता, कष्टसहिष्णुता आत्मसंयम तथा आत्मसंतोष आदि गुणों का अथाह सागर है । साधना द्वारा इन्हीं गुणों का अर्जन कर साधक श्रेष्ट मानव की संज्ञा पाता है । शनैः- शनैः उसका अहं उसे छोड़ देता है और वह इस संसार में वैसे ही कलुष रहित जीवन व्यतीत करता है जैसे कमल जल में रहता है । वह संसार में रमण करता हुआ भी इसमें लिप्त नहीं होता कोई अभाव, कोई चिन्ता उसे कम्पित नहीं कर सकती और न उसे कर्त्तव्यच्युत कर सकती हैं । साधक समस्त सांसारिक उत्तरदायित्वों को निभाता हुआ भी उनसे दूर,अति दूर रहता है । साधना द्वारा वह ईश्वर के इतने निकट हो जाता है कि यह संसार उसके लिए तृणवत् हो जाता है । वह एक अलौकिक संसार में निवास करने लगता है । ईश्वरीय– संसार उसे इतना बांध लेता है कि वह इस संसार (अलौकिक) में भ्रमण करते हुये भी इससे परे रहता है। साधना द्वारा प्राप्त सद्‌गुणों से विभूषित हो कर वह संसार इस में एक आदर्श प्राणी कहलाता है और सभी को चमत्कृत करता है। उससे प्रभावित हो कर कितने ही प्राणी उसके समान ही बनने के लिए सचेष्ट हो जाते हैं। अतः साधना का महत्त्व गायन असंभव है ।

साधना का विशेष बिन्दु लक्ष्य है। साधक किसी बिशिष्ट वस्तु की प्राप्ति के लिए अपना तन–धन लगा देता है। जिन मन जिन साधनों का आश्रय लेकर वह अपने निर्धारित लक्ष्य पर पहुँचता है वही उसकी साधना के अन्तर्गत आते हैं । आध्यात्मिक क्षेत्र में साधना की श्रेष्ठता का सर्वोत्तम रूप दृष्टिगत होता है साँसारिक अथवा भौतिक वस्तुओं की प्राप्ति के लिए की गई साधना निम्नस्तरीय साधना है क्योंकि मानव जीवन का वास्तविक लक्ष्य भौतिक वस्तुओं की प्राप्ति नहीं है । समस्त भौतिक वस्तुओं को व्यवहार में लाते हुये भी जब वह निःसंग भाव से कार्यशील होता है तभी उसकी सत्य साधना का आँरभ होता है, तभी वह अपने चिरअभिलषित लक्ष्य(ईश्वर प्राप्ति) तक पहुँच पाता है । साधक की आत्मिक तृप्ति भौतिक लक्ष्यों की प्राप्ति से नहीं होता । वह तो जब असली तत्व (ईश्वर) में लीन होता है तभी इतना तृप्त हो पाता है कि फिर उसे कुछ भी पाने की आकाँक्षा नहीं रह जाती । वह इच्छाओं के परे उठ जाता है और इच्छायें उसके संकेत पर नृत्य करने लगती हैं ।

साधना की परिपक्वता की लिए तीव्र लगन की आवश्यकता है । लगन का

आश्रय लिए बिना साधना का भव्यतम रूप कभी प्रगट नहीं हो सकता । साधक लगन से अपने लक्ष्य तक पहुँचने के लिए प्रयत्नशील होता है। लगन ही वह डोरी है जो साधक को अपने स्नेहास्पद से जोड़ने में समर्थ होती है। सच्ची लगन से ही साधक में अपने साध्य पर अटूट विश्वास उत्पन्न हो पाता है और यह अति दृढ़ विश्वास ही उसके अग्रसर होने के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। भक्तिमती मीरा का कथन है—

मोहि लागी रे लगन गुरु चरनन की ।
चरन बिना मोहि कछु नहिं भावे, झूठी माया सब सपनन की ।।

साधक को गुरु चरण के अतिरिक्त कुछ भी अच्छा न लगे ऐसी स्थिति 'लगन' के बिना कभी उत्पन्न हो ही नहीं सकती अतः अपने लक्ष्य में समाविष्ट हो जाने के लिए गहन लगन की परमावश्यकता है। लगन ही साधना का प्राण है। उसके [लगन के] बिना किये गये प्रयत्न ऐसे ही होते हैं जैसे प्राणविहीन मिट्टी के पुतले। अतः साधना को पूर्ण बनाने के लिए लगन का आश्रय लेना अनिवार्य है।

क्रमशः

## ❁ नाथ हमारे आये ❁

आओ बंधुओ मिलकर हम सब
आरती उनकी गायें ।
सहज मार्ग को सहज बनाकर
दिपक बनकर आये ।
सहज मुक्ति को बंधयुक्त कर
निज हमारे लाये ।
जनम जनम जब राह निहारी
दर्शन अब हो पाये ।
नित्य अनत को सत्य बनाकर
द्वार हमारे लाये ।
सहज मार्ग का पंथ निराला
नाथ निराले पाये ।
अलख निरंजन रूप है जिनका
मनुज बनकर आये ।
नर से नारायण हमें बनाने
नाथ हमारे आये ।

केशव बालकृष्ण मोघे दिल्ली

# अपनी राह

( कु० कस्तूरी चतुर्वेदी )

"राही ! ओ राही !"

वह किंचित ठहरा; फिर चल पड़ा अपनी राह।

"राही, ओ राही !" वह पुनः रुक कर इधर उधर देखने लगा परन्तु कुछ दिखाई न पड़ा। वह आगे बढ़ चला।

"राही ! जरा ठहर जाओ, फिर चले जाना।"

"कौन हो, क्या कहते हो, भाई ! कहो न, तुम तो छिप जाते हो।"

"अभी आरहा हूं। ज़रा सा रुक भी जाओ, राही !"

"अच्छा भाई !" और क्या देखता है कि एक दुबली पतली मानव-मूर्ति लाठी के सहारे डगमगाती चली आरही है। निकट आकर पृथ्वी पर बैठकर हाँफने लगा ! किंचित शान्त होने पर बोला, "तुम भी बैठ जाओ राही ! थोड़ा विश्राम ही लेलो।" वह भी बैठकर श्रम मिटाने लगा।

"इतने दुर्बल एवं रुग्ण से शरीर को कहाँ से लिये आरहे हो, श्रीमन् ?"

"बड़ी दूर से आरहा हूँ, राही ! बड़ी दूर से।"

"ऐसा कौन सा आवश्यक कार्य था जिसके लिये तुमको ही कष्ट उठाना पड़ा ?"

खांसते, खँखारते बोला वह, "क्या करोगे जान कर ? जीवन में अनेक कँकरीले, पथरीले पथ पार करने पड़ते हैं और उन्हें तय करता है मानव; चाहे रोकर करे, चाहे हँसकर करे। रोते वे हैं जिन्हें केवल सुख-शय्या ही प्यारी है, सुकोमल पुष्प जिनके चरण-चुम्बन किया करते हैं और नवनीती सेमर जिनके सिर को सहलाया करती है, जो पुष्पों में से कांटे चुनकर अलहदा फेंक देते है और उनके जीवन का सृजन रोने को ही होता है किन्तु जो पुष्पों के बीच से काँटे चुनकर सहेज लेते हैं। जिनकी मंजुल शय्या धरती और नीलम से जड़ी चादर ही ओढ़नी है वे ही हँसते हैं और हँसाते हैं, उनका विहँसना ही विद्युत-माला तथा उनकी मधुर मुस्कान ही शीतल चन्द्र-छटा है। ऐसे श्रेष्ठ मानव का सृजन सदा-सदा के लिये होता है। उन्हें विनाश का भय नहीं सताता।"

"तुम कौन हो, कहाँ से आये हो। कौन सा आवश्यक कार्य तुम्हें इस बनके मध्य से गुजार कर लिये जारहा है। क्या मैं यह सब जानने का साहस करूँ राही ?"

"अवश्य !" और विस्मृत, अवाक् सा नेत्र फैलाये उस मानव कंकाल को निहार रहा था जिसकी शब्द-रूपी फुहारों में अन्तस के चित्रों की बौछार होरही थी और

३. **शमदमादिसाधन संयत**—जिज्ञासु शम, दम, उपरति, तितिक्षा, समाधान और श्रद्धा[४] इन ६ गुणों से सम्पन्न हो।

४. **मुमुक्षुत्व**—उपरोक्त तीन गुणों के साथ ही साथ जिज्ञासु में मोक्ष के लिए इच्छा की भावना भी होना चाहिये।

इन साधन चतुष्टय से सम्पन्न जिज्ञासु को ब्रह्म ज्ञान में प्रवृत्त होना चाहिये। पर श्रद्धेय बाबू जी ने बतलाया है कि सत्य (Reality) से अनुराग की दृढ़ निष्ठा (intense longtry) हो तो सफलता शीघ्र मिलती है तथा शङ्कर द्वारा बताये साधन चतुष्टय की कोई आवश्यकता नहीं। आपका अटूट विश्वास है कि मानस में दृढ़ निष्ठा हो योग्य गुरु साथ हो तो समस्त गुण स्वतः ही गुरु कृपा से प्राप्त हो जाते हैं। आपकी क्षमता इतनी महान है कि साधक के मानस में ऐसी ज्योति जगा देती है कि जो मनुष्य को मोक्ष से भी आगे दूर बहुत दूर ले जाती है। आपका लक्ष्य मोक्ष ही नहीं वरन् उससे भी आगे है। जहां सत्य (Reality) में आत्मा अपने को लय कर देती है। अतः आपके अनुसार सत्य के दृढ़ अनुराग होना ही एक साधक के लिये पर्याप्त है।

आपके द्वारा निर्देशित मार्ग भी बड़ा सरल व स्वाभाविक है। उस पर कोई ऐसी क्रिया नहीं करनी पड़ती जो मानव को व्यवहारिक जीवन में कठिनाई पैदा करे। पतञ्जलि के योग दर्शन के सूत्र में अष्टाङ्गिक मार्ग[५] का निर्देश किया है। आपने अपनी साधना प्रणाली को ध्यान से प्रारम्भ किया है और बतलाया है कि इसके पूर्व की दशाओं में मेहनत व समय व्यर्थ ही जाता है। आपका कथन है कि यमादि की दशाओं का अनुसरण न भी न किया जाय तब भी कोई अन्तर नहीं पड़ता है। जीवन सीमित है उसमें यह सब सम्भव नहीं है। आपका विश्वास है कि वे सारे गुण स्वतः ही मनुष्य शनैः शनैः प्रादुर्भूत होने लग जाते है, यदि गुरु की कृपा साधक पर बनी रहती है। आपकी सबसे बड़ी विशेषता है आपकी प्रतिभा सम्पन्न प्राणाहुति की विधि जो प्राणी को निरन्तर शक्ति प्रदान करती रहती है। यह वह विधि है जिसके द्वारा गुरु साधक के मानस में अपनी मनस् शक्ति द्वारा निरन्तर शक्ति भरता रहता है और विकारों का परिष्कार होता रहता है।

४-इन षट्साधन संयत के लिये देखिये सदानन्दकृत 'वेदान्त सार' और उस पर 'भावबोधिनी' व्याख्या।

५-यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानसमाधयोऽष्टाङ्गानि।

(योगसूत्र २/२९)



"मैं तो दरख्त ही हूँ। मानव ही आते हैं और अपनी राह चले जाते हैं। डगमगाती लाठी की ओर किसी की दृष्टि ही नहीं पहुंच पाती है, राही।"

"भाँति-भाँति के ठगों से बच कर कोई किस प्रकार तुम तक पहुंचे श्रमिक? एक न एक व्याधि, विपत्ति घेरे ही रहती है मनुष्य को।

भोले से राही सोचो तो! कुत्ते भौंकते हैं और राही अपनी राह चले जाते हैं। बिजली कड़कती है, बादल गरजते हैं किन्तु वीर सदा ही अपनी आन पर अड़े रहते हैं। संसार-चक्र इसी प्रकार चलता रहता है और मानव-चक्र इसमें रहते हुये भी इससे परे चल सकता है।

किन्तु संसार-चक्र में पिसता हुआ मानव क्योंकर वहाँ पहुंचे श्रमिक?

यों वहाँ के लिये चल पड़ता है वह पहुँच ही जाता है। जो पहुँच जाता है वह अपनी राह स्वयं पा लेता है। बोलो राही अब पागये न अपनी राह? हाँफता हुआ श्रमिक लाठी टेक कर उठ खड़ा हुआ और धीरे-धीरे वृक्षों के झुरमुट में लीन होगया।

और?

सच ही विमोहित सा राही चला जारहा था और पागया था?

अपनी राह!

नोट—श्रमिक का तात्पर्य मानव की वास्तविक स्थिति (सत्य) से है।

## ❀ नज़्म ❀

तुही है हुस्ने रुखसारे हक़ीक़त। तूही है पर्दा रुखसारे हक़ीकत।
तुही है काशिफ़े इसरारे अजली। तूही है रूनुमाये हुस्ने अजली॥
तूही है जलवा फरमाये दो आलम। तूही खुद है तमाशाये दो आलम॥
तूही लौहे तिलसमें जानो तन है। तूही बख्शिन्दये रूहो बदन है॥
तूही वहशत फ़िज़ाये इश्क रुसवा। तूही नक़शे निगारे हुस्ने जेबा॥
तूही है मूजिदे ईजाद कौन ने। तूही है बानिये बुन्याद कौनने॥
तूही है इश्क अजली हुस्न जावेद। तूही है खिलअते दिल बज़्म तौहीद॥
तूही है रौनक़े गरमीओ बाज़ार। तूही है खुद जिस है तूही खरीदार॥
तुही है नग़मये बुलबुल चमन मे। तुही गुनचा तुही गुल है चमन मे॥
तुही पर्वाना तूही शम्मा महफिल। तुही गुलशन तुही शोरे अनादिल॥
तुही लछिमन तुही सीता तुही राम। तुही गोपी तुही राधा तुही श्याम॥
गरज जो कुछ भी है तुझको खबर है। मेरा अंजाम कुल मद्दे नजर है॥

—इक़बाल बहादुर शाहाबादी

# अनन्त यात्रा

[इस स्थायी स्तम्भ का उद्देश्य साधकों की आध्यात्मिक प्रगति का विवरणात्मक चित्र प्रस्तुत करके ब्रह्म–विद्या सुव्यवस्थित वैज्ञानिक अध्ययन के लिए सुलभ करना है। एतदर्थ श्रद्धेय 'बाबू जी' के साथ एक श्रेष्ठ एवं संवेदनशील अभ्यासी के पत्र–व्यवहार का क्रमशः प्रकाशन किया जा रहा है। पत्रों के केवल वही अंश प्रकाशित किये जा रहे हैं, जो आध्यात्मिक स्थितियों के अनुभव से सम्बन्धित हैं। अभ्यासी का नाम आदि व्यक्तिगत बाते प्रकाशित नहीं की जा रही हैं। ·········सम्पादक]

मेरे परम पूज्य तथा श्रद्धेय श्री बाबू जी,

सादर प्रणाम स्वीकृत हो।

आशा है मेरा एक पत्र मिला होगा। पूज्य........ तो वहाँ अनिर्वचनीय आनन्द में मग्न होंगे। वह आनन्द कैसा? जो धो–माँज कर शुद्ध कर दिया गया हो। उसी शुद्धानंद में पूज्य ... का कण—कण भीगा हुआ होगा। 'मालिक' की कृपा से जो भी आत्मिक दशा है सो लिख रहा हूँ।

अब तो 'मालिक' की ऐसी कृपा हुई है कि आँखे फूटीं तो तब जबकि लगता है कि दायें—बायें मुड़ना ही नहीं है। मुझे तो कहने को कह लीजिए नहीं तो अब मैदान भी एहसास में नहीं आता है। मुझे तो भाई चलने तक का एहसास नहीं, बस बदलती हुई दशा का एहसास ही केवल सबूत है कि मैं चल रहा हूँ। मेरे पूज्य प्रभुवर श्री बाबू जी। मेरा तो कुछ यह हाल है कि मुझ से यदि कोई पूछे कि तुम अँधे क्यों हुये? तो जवाब यही निकलता है कि मैं अंधा कहां हूँ? मैंने तो 'मालिक' को पुतलियों में बैठाकर आँखे सदैव के लिए बंद कर ली हैं। आँखे ही क्या, हर Sense का यही हाल हो गया है। इस मैदान में Senses का गुमान भी नहीं है। कानों ने भी तभी जवाब दिया जब लगता है कि सुनने को कोई Sound नहीं रही। मेरे परम पूज्य महात्मन्! मुझे तो कुछ ऐसा लगता है कि जैसे मेरी कुल रीढ़ सीधी तनी रहती है उसकी कुल बनावट तक मेरे सामने आ जाती है। मुझे तो प्रत्येक की दशा बिल्कुल अपनी तरह सीधी, स्थिर सी एहसास में आती है। न जाने यह क्या बात है कि प्रार्थना चाहे आत्मिक उन्नति के लिए ही करता हूँ तो यह लगता है कि जैसे ऊपर ही ऊपर रह जाती है। मेरी प्रार्थना स्वयं मुझ तक नहीं पहुँच पाती। लगता है प्रार्थना स्वँय मेरा एक अंग ही हैं। कुछ ऐसा लगता है कि कुल रीढ़ के भीतर से धीमा–धीमा प्रकाश बाहर आ रहा हैं। अंतर



का वह Check कि 'यह करो, 'यह न करो' कभी जाग्रत ही नहीं होता। ऐसा लगता है कि मेरे अंतर् के सार करिश्में, सारी पेचीदगियें समाप्त हो चुकी है। सादगी जीवन में घर कर गई है और सादगी भी ऐसी कि जिससे होते हुए भी मैं उससे Untouched ही एहसास करता हूँ। अब तो अशान्ति की गुजर नहीं और शान्ति की पहचान नहीं और न उससे प्रेम ही है। बस यही मेरा हाल है।

सदैव केवल आपका ही कृपाकाँक्षी

मेरे परम पूज्य तथा श्रद्धेय श्री बाबूजी,

सादर प्रणाम स्वीकृत हो।

कृपा—पत्र आपका आया–पढ़कर हर्ष हुआ। मैंने आपको Music College मेंadmisssion के बारे में नहीं लिखा क्योंकि मेरी तवज्जोह पर मेरा अधिकर नहीं है। सोच रहा था छोड़ने के लिए परन्तु जबसे आपका कृपा–पत्र मिला है तब से आपकी खुशी ने मुझे खुश कर दिया है और मेरा जी नहीं ऊबता परन्तु इतनी विनती जरूर है कि बस इससे अधिक तवज्जोह divert न हो। यह काफी है क्योंकि इससे मेरी बेचैनी इतनी देर को मुझ से बिछुड़ती है यद्यपि पूर्ण रूप से नहीं। फिर भी मैं यह स्वप्न में भी नही कह सकता कि इसकी मेरी याद परवरिश करती है वरन् मैं तो केवल इतना ही जानता हूँ कि मैं तो कछुए की तरह अलग ही रहता हूँ। परवरिश तो इसकी कोई और ही करता है बस निगाह जरूर मेरी उस ओर ही रहती है। मैं तो बस 'मालिक' की हर Research का Proof हो जाऊँ आपने जो एक गाने की चीज़ लिखी है उस तरह से मैंने trial ले लिया और trial क्या वह तो स्वंय ही अपना Proof था कि जैसे वातावरण की कुल हरकत समाप्त हो गई और बस एक अजीब सरल सी गूंज थी और पूजा में जो बैठे थे उनका कहना था कि उनसे दिल, दिमाग मानों Suspend हो गये हों। वातावरण में झनझनाहट बहुत थी तथा सुनने वालों को कँपकँपी तथा झनझनाहट बहुत लगती थी तथा सुनने वाले न जाने क्यों अपने को जैसे भूल–भूल जाते थे। गूंज तथा कँपकँपी या कंपन गाना समाप्त होने के बहुत देर बाद तक रही। परन्तु मैं पूरी तौर पर अभी वैसा नहीं कर सका हूँ जैसा कि हो सकता है। और चाहे कुछ हो खुशनसीब मैं हूँ जिसको ऐसे 'मालिक' सिखाने वाले मिले। अब Real Master की तारीफ़ 'मालिक' की कृपा से मेरी समझ में अभीं अभी इतनी ही आई है कि वास्तव में असली मास्टर वही है जिसको उस Subjects पर भी जिनके बारे में वह बिल्कुल बुत है उस ओर तवज्जोह देते ही एक —एक गुत्थी उसके सामने सुलझ जावे। आपने जो मेरे विचारों के बहुत आने का कारण लिखा है वह मेरी समझ में बिल्कुल आ गया और जो मुझे 'मालिक' से बेलौस रहने के एहसास का कारण

लिखा है वही सत्य है और कुछ ईश्वर के उस भेद से संबधित लगता है कि जो आपने अगले पत्र में मेरे यह लिखने पर कि (हर आदमी की दशा अपने से ऊँची है) ऐसे...... करके छोड़ दिया है ।

मेरे एहसास खुले होने के बारे में जो आपने लिखा है सो तो 'मालिक' की कृपा से होगा ही क्योंकि जबकि लगता है कि दिमाग की हर पंखुड़ी खुली हुई है । हर नस—नस जाग चुकी है और दिमाग ही क्या जबकि कुल शरीर की नस–नस लगता है जागृत है । इतना सोता हूँ फिर भी मुझे न जाने क्यों सोने का एहसास ही नहीं होता और संग में यह भी कि अगर दो तीन रात चाहे दो—तीन घंटे ही सोने को मिले या न मिले तो भी जागने का एहसास नहीं होता तो भी अंतस् को खुमारी नहीं सताती । मेरा तो यह हाल है कि नींद, भूख, जीवन मरण सब एक कहानी सी लगते हैं और आध्यात्मिकता एक पहेली है जो 'मालिक' के बुझाये ही बूझी जा सकती है । कुछ यह हालत है कि मुझे अब डूबना नहीं आता और न उथलापन है, न छिछलापन न गहराई ही है । बस अब तो एक सीधी सरल सी दशा है । मुझसे दशा में अब महव रहना ही नहीं हो पाता । न घुसकर देखना आता है , न बाहर रहकर भूलना ही आता है । दशा तो कुछ है, ही परन्तु लगता है कि गति से मैं पार हो चुका और गति भी मुझे अब एहसास में नहीं आती है ।

सदैव केवल आपका कृपाकांक्षी

मेरे परम पूज्य श्रद्धेय श्री बाबूजी,

सादर प्रणाम स्वीकृत हो ।

आशा है मेरा पत्र पहुँचा होगा । अब तो यह हाल है कि चाहे जो कुछ करूँ लगता है मेरा ज़र्रा—ज़र्रा निश्चल सा ही बना रहता है । उसमें हरकत या स्पन्दन कभी होता ही नहीं । लगता है जिन ज़र्रातों से मेरा सृजन हुआ है वह अचल हैं, निश्चल हैं । शरीर में active ness होते हुए भी मेरा तो ज़र्रा—ज़र्रा मानों शून्य सा पड़ा रहता है ।

मेरे परम पूज्य प्रभुवर श्री बाबूजी । अब तो कुछ ऐसी भूल की cnodition में रहता हूँ कि जिसको याद करने से भूल की दशा का स्मरण आता हैं और उसको बया करने से कहूँ जबकि दशा तो यह हैं कि याद करूँ तो भूल की दशा सामने आती है और भूल जाऊँ तो याद नहीं । कुछ यह है कि मेरी आंखो में जाने क्या हो गया है कि चाहे जितना खोलकर देखूं, सब कुछ, आदमी तक एक धूमिल रेखा से या परछाई सदृश ही दीख पड़ते है । यदि गौर करूँ तो दिखाई पड़ता है, नहीं तो Blank रहता हूँ ।



मेरे श्री बाबूजी । कुछ यह है कि इसे अभिमान कहूँ तो मन हीनहीं ग्रहण करता कि अपना ख्याल तो चाहे कैसे हो, रहता ही है, हाँ अपने ख्याल का एक धूमिल सा ख्याल बना रहता है । परन्तु इसे तै नहीं कर पाता हूँ कि यह ख्याल या होश उसका है या अपना । कुछ यह हाल है कि रात को यदि अधिक सो जाऊँ तो बर्दाश्त नहीं, यूँ कि कहीं 'मालिक' से गाफ़िल रहने की बेचैनी रहती है और जो याद करूँ तो बर्दाश्त नहीं होती । याद से घबराहट होती है और नहीं तो कहीं ग़ाफ़िल तो न थी इसकी बेचैनी–इसीद्वन्द में दिन–रात पड़ा रहता हूँ । यही द्वन्द अब मेरे में है शेष द्वन्द तो समाप्त हो चुके है । एकता या दुई का द्वन्द भी मुझ में नहीं शेष लगता । मुझे तो न जाने क्यों बेतौस रहना (भूला रहना) ही अच्छा लगता है क्योंकि इस दशा में मुझे 'उसी' की महक मिला करती है । 'वही' मेरा तो सब कुछ सम्भाले हुए हैं ।

सदैव केवल आपका ही कृपाकाँक्षी

प्रिय बेटा......

खुश रहो ।

तुम्हारे.........और......के पत्र मिल गये । तुमने......के खत में लिखा है कि अब मैदान भी एहसास में नहीं आता, यह ठीक है । यह अब तुम्हारा मैदान नहीं है जिसका तुम एहसास करो, यह तो अब ईश्वरीय मैदान है । मगर मैदान अभी इसको भी कहेंगे मगर ईश्वरीय ठोस–मैदान कह सकते है । हमें तो vision में दो मैदान मालूम होते हैं । समझने के लिए एक को gross और दूसरे को Subtle या सूक्ष्म कहेंगे । समझने के लिए यह ईश्वरीय खेल–कूद का मैदान है और इससे पहिले तुम्हारे खेल—कूद का स्थान है । तुमने यह जो लिखा है कि "मुझे तो कुछ ऐसा लगता है कि जैसे मेरी कुल रीढ़ सीधी खड़ी रहती है कुल बनावट मेरे सामने आ जाती है ।" इसका मतलब समझ में नहीं आया यह Vision में अन्दर दिखाई देती है या सूक्ष्म रुप से सामने खड़ी हो जाती है । जब दुई जाती रहती है तो प्रार्थना अभ्यासी अपने आप से ही करता महसूस होता है । रीढ़ के भीतर से प्रकाश का बाहर आना जो तुमने लिखा है यह सही है । सादगी के बारे में तुमने लिखा है कि "जीवन में घर कर गई है, यह भी कि जिसके होते हुये उससे Untouched महसूस करती हूँ ।" यह उससे भी अच्छी चींज है । सादगी एक ईश्वरीय गुण है, अगर अंदर यह सादी हालत पैदा हो जाये । यह जरुर है कि इससे बाहरी सादगी भी आती है ।

तारीख........के खत में कोई ज्यादा जबाब देने के काबिल नहीं मालूम होती है फिर भी दो एक जुमले लिखे देता हूँ । गाने के समय तुम जो बेचैनी का

हटना कहते हो वह हटती नहीं बल्कि उसका एहसास कम हो जाता है ।

मेरे एहसास में जो गाना उस समय आ गया था, लिख दिया, मगर यह गाना भी वही गा सकता है जिसे आध्यात्मिकता थोड़ी बहुत प्राप्त हो । एक गाना ऐसा होता है कि जो सुखमना से संबंध रखता है और तुम्हारी सुषम्ना सीधी हो चुकी है तुम उसे गा सकते हो । Destruction Song का Hint जब मैं.........में था, मैंने कुछ दिया था मगर वह गाना गाया नहीं जाता इसलिए कि कुदरती action Anti-Clock-Wise शुरु हो जाता है इसलिए उसकी मजबूरी है । अगर कोई Research करना चाहे तो इस destructive Song में जहाँ से यह गाया जाता है । बहुत से काम के और मुफीद राग गाये जा सकते हैं । मगर इससे मेरी कुछ गरज नहीं और न मेरी इस हुनर से कुछ जानकारी है इसलिए उस तरफ कौन दिमाग-पच्ची करें । तुम्हें जब जरुरत होगी तो देखा जावेगा ।.........
......... ।

शुभचिन्तक
रामचन्द्र

——✻✻——

# नारी समाज और सहज मार्ग

## (श्री मती सुषमा श्रीवास्तव, पुलिस लाइन्स सीतापुर

नारी जीवन का अति--भार

लिये हुये जन्म लेती है । एक दर्शन अनुभूतियों का सम्बंध मनुष्य के जीवन से गठ जाता है । इस अनुभूति के साथ ही साथ कर्तव्यों की सूची बढती जाती है । प्रकृति से ही नारी पुरुष की सहचरी रही है । नारी के बिना पुरुष की कल्पना ही व्यर्थ है । जब भी सृष्टि में कोई भी कार्य कार्य-रूप में परिणित हुआ इतिहास साक्षी है कि वह नारी के अभाव में अपूर्ण हीं रहा । क्या राम सीता की अनुपस्थिति में सेतु रामेश्वर की पूजा नहीं कर सकते थे ? रावण जो पण्डितों तथा विद्वानों में सर्व प्रथम था सीता को साथ में क्यों लाया जब अपने विपक्षी राम को ही पूजा करानी थी ? इससे स्पष्ट ज्ञात होता है कि बिना नारी की सहायता से संसार का कोई कार्य सुचारु रूप से नहीं चल सकता । पुरुष तथा नारी गाड़ी के दो पहिये हैं । क्या यह भव है कि गाड़ी एक पहिये से चल सकती है ? अगर 'हां' तो एकांगी अपूर्ण रहती है ।



समाज समुद्र के समान है और प्रत्येक नार–नर एक बूंद से ही समुद्र का निर्माण होता है अतएव बूंद का अस्तित्व समाज से है । इसी प्रकार नारी का अस्तित्व भी समाज से है । नारी अकेले नहीं रह सकती है । जिस दिन से वह जन्म लेती है उसी दिन से लेकर वह मृत्युपर्यन्त अर्थात शरीर के नाश होने तक वह समाज पर निर्भर रहती है । वह समाज से अलग रहकर किसी प्रकार अपने स्थान तक नहीं पहुँच सकती है । जीवन को यदि हम ध्यानपूर्वक देखे तो यही लगता है कि यह जीवन अनेक तत्वों से बना है । किसी एक तत्व के पृथक होते ही सारा खेल बिगड़ जाता है । शरीर की आवश्कताओं को पूरा करने के लिये हम माता पिता बान्धुवो का सहारा लेते है । इसमें सहयोग का ऐसा क्रम है जो कही से कभी टूटता नहीं जिस दिन यह क्रम टूट जाता है उसी दिन से समाज रुपीसागर सूख जाय । जीवन सुधा से नारी मानव-समाज में फूलती फलती है । यदि आज समाज में जीवन यापन करने वाले प्राणी अपने ही स्वार्थ साधना में लिप्त रहे तो ऐसी स्थिति में हमारा समस्त समाज आंधी के वेग में उठते हुए तिनको की भांति बिखर जायेगा । समाज की उन्नति के लिए यह नितान्त आवश्यक है कि समाज में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन को आदर्श रक्खें तथा समाज के सुख–दुख में हाथ बटाऐ ।

जिस क्षण हम अपने किसी कर्तव्य के प्रति उदासीन हुए, हमारा जीवन उपालंभों और अभिशापों का घर हो जाता है । कर्त्तव्य पालन ही नारी जीवन की बड़ी विजय है । कर्त्तव्य से घबरा कर मनुष्य को केवल आत्मग्लानि के अतिरिक्त कुछ हाथ नहीं लगता । यही वह समय होता है जब नारी की बुद्धि एवं धैर्य की परीक्षा होती है । कर्त्तव्य और सत्य का निकटतम सम्बध है । जो नारी सत्य का आधार लेती है वह कर्त्तव्य पालन से नही हटती । कर्त्तव्य का पथ बड़ा ही कठिन है पन्रतु कठिनाईयों पर विजय पाना नारी का धर्म हैं । कर्त्तव्य का पालन करना हर गृहणी के लिए अति आवश्शक है । यही कर्त्तव्य पालन प्रकृति का भी नियम है । सूर्य और चन्द्र समय के अनुसार अपना कर्त्तव्य करते है ।

हमारे मिशन का ध्येय कर्त्तव्य पालन ही है । जिसने सतता से कर्त्तव्यों का पालन किया वह सच्ची आत्मशान्ति का अधिकारी रहा ।

उसकी सत्यता निखर उठती है। उसमें साहस एवं उत्साह अनायास आ जाते है।

अब प्रश्न यह उठता है कि वास्तव में इसका मूल कारण केवल एक है और वह है नारी में सहज स्नेह का अभाव। सहज स्नेह का अनुपम दैवी गुण नारी की एक विशेषता है जिसके अभाव ने इसे कठिनाईयों के जाल में फंसा दिया। सहज स्नेह ही वह गुण हैं जिसने नारी को त्याग, बलिदान, सेवा और प्रेम के क्षेत्र में पुरुष से आगे रक्खा। इसके अभाव ने ही हमारे जीवन में में स्वार्थ और कर्त्तव्य हीनता उत्पन्न कर दी है और हमारे विचारो को अत्याधिक संकुचित कर दिया हैं। इसके साथ ही साथ मानसिक क्लेश की उत्पत्ति हुई और इसी ने हमारे सम्मुख अनेक समस्याए उत्पन्न कर दीं।

नारी को जीवन में एकता के आधार पर जितना सहयोग मिला वह उतनी ही उन्नतिशील हो गई। नारी का प्रत्येक क्षण दूसरे की आवश्यकता अनुभव करता है। एकता वहीं होती है जहाँ पर विचार इच्छा, क्रिया और उद्धेश्य समान हो। यह एकता जहाँ होती है वहाँ सफलता चरण चूमती है। एक फूल खिलने से कोई मधुमास का स्वागत करता है। एक तारा निकलने पर भी कोई उसे रात कहता है। सहज मार्ग में आ जाने से नारी जीवन बहुत ही सरल और सुलभ हो जाता है। मालिक से उसका अटूट प्रेम तथा सम्बंध स्थापित हो जाता है।

हमारी सहज मार्ग संस्था ईश्वर प्राप्ति का स्वाभाविक पथ दिखलाती है। वास्तव में मिशन की शरण में आ जाने से नारी का जीवन एक सहज ढंग द्वारा सहज रूप अपना लेता है। ऐसी आत्मिक शान्ति आ जाती है कि वह सांसारिक बाधाओं को पार करती हुई आगे बढ़ती चली जाती है। जब नारी इस कर्तव्य पालन की ओर बढ़ती है तो उसकी हिम्मत एक बार अवश्य भय खाती है क्योंकि कितनी ही हानियों आशंका उसे दिखाई देती है किन्तु ऐसे समय में मालिक की याद तथा सत्यता संगिनी होती है।

## OUR PUBLICATIONS

1. Efficacy of Rajyoga (English) — Rs. 1.50 p.
   by Shri Ram Chandra ji *President*
2. Reality at Dawn (English) — Rs. 2.50 p.
   by Shri Ram Chandra ji *President*
3. Satodayam (Tamil) Translation of No. 2 — Rs. 1.50 p.
   by Shri A Balasubramaniam
4. Satodaya (Kannada) Translation of No. 2 — Rs. 1.50
   by Shri S. A. Sarnad
5. Sahaj Marg Ke Das Asulon Ki Sharah (Urdu) — Rs, 1.50 p.
   by Shri Ram Chandra ji *President*
6. Commentary on Ten Commandments of Sahaj Marga (English) Translation of No. 5 — Rs. 1.25 p.
   by Shri Reghavendra Rao
7. Anant Ki Oer (Hindi) — Rs. 1.00 p.
   by Shri Ram Chandra ji *President*
8. A Peep into Sahaj Marga(English) — Rs. 2.00 p.
   by Shri Ishwar Sahai
9. Towards Infinity(English)Translation of No. 7 — Rs. 1.50 p.
   by Shri Suresh Chandra
10. Talks on Efficacy of Raj Yoga(English) — Rs. 1.50 p.
    by Dr. K.C. Varadachari
11. Sahaj Marga—Shri Ram Chandra's New Darsana (English) — Rs. 7.00 p.
    by Dr. K. C. Varadchari
12. Satya Ka Udaya(Hindi)Translation of No. 2 — Rs. 3.50 p.
    by Shri Suresh Chandra
13. New Darshan by Dr. K. C. Varadachari M.A. Ph.D. — 7.00

Publication Department, Shri Ram Chandra Mission
Shahjahanpur, U.P. —India